सतना | रविवार | 15 फरवरी 2026 | वर्ष 27 | अंक 164 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00 navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

नवभारत

# प्रधानमंत्री मोदी ने रचा इतिहास

## एयरक्रॉफ्ट से सीधे हाइवे पर उतरे, ऐसा करने वाले पहले पीएम बने

### पूर्वोत्तर भारत में पहली आपातकालीन लैंडिंग सुविधा शुरू

**नई दिल्ली, 14 फरवरी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को असम के डिब्रूगढ़ जिले के मोरन में नेशनल हाइवे पर आपातकालीन लैंडिंग सुविधा (ईएलएफ) का उद्घाटन किया. यह पूर्वोत्तर भारत में अपनी तरह की पहली आपातकालीन लैंडिंग सुविधा है. प्रधानमंत्री मोदी वायुसेना के सी-130जे हरक्यूलिस विमान से ही कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, जो आपातकालीन लैंडिंग सुविधा (ईएलएफ) पर उतरा. ऐसा करने वाले वे पहले पीएम हैं.**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने पीएम मोदी का मंच पर स्वागत किया. बता दें कि एयरस्ट्रिप सैन्य रणनीति के लिए अहम है. यह इलाका चाइना बॉर्डर से लगभग 300 किलोमीटर दूर ही है. उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री ने भारतीय वायुसेना का एयर शो भी देखा. एयर शो में राफेल, सुखोई और मिग फाइटर एयरक्राफ्ट शामिल रहे. फाइटर एयरक्राफ्ट ने हाइवे स्ट्रिप पर सफलतापूर्वक उड़ान भरी और लैंड किया. इस ऐतिहासिक क्षण को देखने के लिए कम से कम एक लाख लोग इकट्ठा हुए. प्रधानमंत्री को मोरन आपातकालीन लैंडिंग सुविधा के महत्व पर एक प्रेजेंटेशन दिखाया गया. एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने पीएम मोदी को इसकी तकनीकी और सामरिक विशेषताओं की जानकारी दी.





### कैसा है ईएलएफ

सरकारी बयान के मुताबिक, भारतीय वायुसेना के साथ मिलकर विकसित ईएलएफ को 40 टन तक वजन वाले फाइटर एयरक्राफ्ट और 74 टन तक के मैक्सिमम टेक-ऑफ वजन वाले ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट के संचालन के अनुरूप डिजाइन किया है. 4.2 किमी लंबे मजबूत कंक्रीट वाले हिस्से को मिलिट्री और सिविलियन दोनों तरह के एयरक्राफ्ट को हैंडल करने में सक्षम इमरजेंसी रनवे के तौर पर तैयार किया गया है.

### कांग्रेस ने देश को खतरे में डालकर रखा था : पीएम

प्रधानमंत्री मोदी ने गुवाहाटी में कहा- कांग्रेस ने देश को खतरे में डालकर रखा था. कांग्रेस ने जब भी सेना के लिए हथियार खरीदे, उसका मतलब हजारों करोड़ का घोटाला था. उन्होंने कहा - आज की कांग्रेस ऐसे लोगों और विचारों का साथ दे रही है, जो देश के खिलाफ सोचते हैं. जो लोग देश को तोड़ने की बात करते हैं या ऐसे नारे लगाते हैं, वे कांग्रेस के लिए सम्मानित बन गए हैं. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय असम को पाई-पाई के लिए तरसाया जाता था. तब टैक्स के हिस्से के रूप में सिर्फ 10 हजार करोड़ रुपए मिलते थे. भाजपा की सरकार में 5 गुना ज्यादा मिल रहे हैं.

**इनका भी किया शुभारंभ** : पीएम ने ब्रह्मपुत्र नदी पर बने कुमार भास्कर वर्मन सेतु और आईआईएमगुवाहाटी के टेंपरेरी कैंपस का उद्घाटन किया. यह पुल गुवाहाटी को नॉर्थ गुवाहाटी से जोड़ता है और क्षेत्र की कनेक्टिविटी को नई गति देगा. करीब 2.86 किलोमीटर लंबा यह 6-लेन एक्स्ट्राडोज्ड प्री-स्ट्रेस्ड कंक्रीट (पीएससी) पुल लगभग 3,030 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हुआ है. यह पूर्वोत्तर भारत का पहला एक्स्ट्राडोज्ड पुल है. इसके चालू होने से गुवाहाटी और उत्तर-गुवाहाटी के बीच यात्रा समय घटकर मात्र 7 मिनट रह जाएगा.

# निमाड़ की धरा से सीएम ने नारी शक्ति को किया नमन

**1.25** करोड़ बहनों को भेजा शगुन | **609** करोड़ की खंडवा को मिली विकास की संजीवनी

नवभारत न्यूज

**खंडवा, 14 फरवरी. शनिवार को निमाड़ का मुख्य केंद्र खंडवा के विधानसभा पंधाना में महिला सशक्तिकरण और विकास की एक नई इबारत का साक्षी बना. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यहां आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में सिंगल क्लिक के जरिए प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में 1500-1500 रुपए की राशि अंतरित कर खुशियों की सौगात दी.**



इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि डबल इंजन की सरकार मातृशक्ति के सम्मान और प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है. लाड़ली बहनों को नकद राशि ही नहीं, मुख्यमंत्री ने खंडवा जिले के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए खजाना खोल दिया. मंच से 609 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया. इन परियोजनाओं में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों को जोड़ने वाली सड़कें, पुल-पुलिया, पेयजल परियोजनाएं और स्वास्थ्य सुविधाएं शामिल हैं, जो आने वाले समय में निमाड़ की तस्वीर बदलने में मील का पत्थर साबित होंगी.

**सीएम ने कहा- कभी बंद नहीं होगी कोई योजना:** विपक्ष के तमाम कयासों पर विराम लगाते हुए मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि लाड़ली बहना समेत कोई भी जनहितैषी योजना बंद नहीं होगी, बल्कि उनका विस्तार किया जाएगा. उन्होंने खंडवा की जनता को आश्वस्त किया कि विकास के मामले में निमाड़ को कभी भी पीछे नहीं रहने दिया जाएगा.

## एक नजर में



### राष्ट्रपति ने महाशिवरात्रि पर दी शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली.** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने महाशिवरात्रि पर्व की पूर्व संध्या पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि हमारी सभ्यता और संस्कृति के पावन पर्व महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई और मंगलकामनाएं। भगवान शिव अन्याय पर न्याय की जीत के, अधर्म पर धर्म की जीत के, सेवा-सादगी और सद्भाव के प्रतीक हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भगवान शिव हमें विपरीत परिस्थितियों में धैर्य साहस रखने की प्रेरणा देते हैं। सत्य के मार्ग पर अडिग शिव का नीलकंठ स्वरूप हमें यह संदेश देता है कि समाज के कल्याण के लिए त्याग और सेवा की भावना आवश्यक है.

### कठपुतलियों पर आठ स्मारक डाक टिकट जारी

**नई दिल्ली.** डाक विभाग ने भारत की कठपुतलियां विषय पर आठ स्मारक डाक टिकटों का एक सेट जारी किया है. डाक विभाग ने शनिवार को बताया कि विभाग की सचिव वंदिता कौल ने समारोहपूर्वक इन टिकटों को जारी किया और कहा कि डाक टिकट हमारे राष्ट्र की विरासत के लघु दूत हैं. भारत की समृद्ध और विविध कठपुतली परंपराओं की विशेषता को दर्शाने वाले इस विशेष अंक के माध्यम से हम उन अमर कहानीकारों को सम्मानित करते हैं जिन्होंने पीढ़ियों से लोककथाओं, मूल्यों और सामूहिक स्मृति को संरक्षित रखा है.

### लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें छात्र : सीजेआई

**रोहतक.** सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत शनिवार को रोहतक पहुंचे. उनका हेलिकॉप्टर बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी में उतरा, जहां पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के जजों और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया. इसके बाद वे काफिले के साथ महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) पहुंचे. एमडीयू पहुंचकर उन्होंने गेट नंबर-3 का उद्घाटन किया और टैगोर सभागार में आयोजित एल्यूमिनी मीट में शिरकत की. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. इस अवसर पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, न्यायमूर्ति विकास सूरी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय तेवतिया सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे.

# वैलेंटाइन डे पर प्रेमिका की हत्या कर की आत्महत्या

**नोएडा, 14 फरवरी. उत्तर प्रदेश के नोएडा में वैलेंटाइन डे के दिन दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. यहां थाना सेक्टर-39 क्षेत्र में एक गाड़ी के अंदर प्रेमी ने प्रेमिका को गोली मार दी. इसके बाद प्रेमी ने खुद को भी गोली मार ली. इस घटना में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई.**

सूचना पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल से पिस्टल और कारतूस बरामद हुए हैं. बताया जा रहा है कि मृतक युवक दिल्ली के त्रिलोकपुरी के रहने वाला है. मृतका सेक्टर-47 की रहने वाली बताई जा रही है. पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है. नोएडा के सेक्टर-39 थाना क्षेत्र के सेक्टर-107 रोड की घटना है. कार के भीतर युवक और युवती के शव मिलने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया. अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि गोली किस परिस्थिति में चली. मौत का समय क्या है और घटनाक्रम में कोई दूसरा एंगल तो नहीं है.

## देशी बम बनाने के दौरान घर में धमाका

**ढाका, 14 फरवरी.** बांग्लादेश के चापाइनवाबगंज जिले में शनिवार सुबह करीब 5 बजे देशी बम बनाते समय विस्फोट हो गया. हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं. घटना चर बगडांगा यूनियन के पाथापाड़ा गांव की है. पुलिस ने बताया कि घर के अंदर कथित तौर पर देशी बम तैयार किए जा रहे थे. इसी दौरान अचानक तेज धमाका हुआ. मृतकों की पहचान तत्काल नहीं हो सकी है. विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि मकान की ईंटों की दीवारें ढह गईं और टिन की छत उड़कर दूर जा गिरी.

## राज्य सरकार के कामों में हस्तक्षेप न करे हाईकोर्ट : सुको

**नई दिल्ली, 14 फरवरी.** हिमाचल प्रदेश में स्थानीय निकायों के चुनावों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है. मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने राज्य सरकार को राहत देते हुए चुनावों के लिए समय सीमा को एक महीने के लिए बढ़ा दिया है. अब यह चुनाव 31 मई, 2026 तक आयोजित किए जाएंगे. इसके साथ ही हाईकोर्ट की दखलअंदाजी पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी भी जताई. रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट ने चेतावनी दी कि भविष्य में इस तरह के हस्तक्षेप को गंभीरता से लिया जाएगा. सुको ने नाराजगी जाहिर की, लेकिन उसने हाईकोर्ट के उस फैसले का समर्थन किया, जिसमें उसने सीमांकन प्रक्रिया का हवाला देकर चुनावों को टालने के हिमाचल सरकार के अनुरोध को खारिज कर दिया था. पीठ ने स्पष्ट करते हुए कहा, सीमांकन अभ्यास का लंबित होना चुनावों को स्थगित करने का आधार नहीं हो सकता.

# दिनदहाड़े वकील की गोली मारकर हत्या

### कोर्ट जाते वक्त मंदिर के समीप की फायरिंग

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 14 फरवरी. शिवपुरी में शनिवार को दिनदहाड़े एक वरिष्ठ वकील की गोली मारकर हत्या कर दी गई. एडवोकेट संजय कुमार सक्सेना रोज की तरह बाइक से कोर्ट जा रहे थे. इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी. वारदात करैरा कस्बे में हुई.**

मृतक एडवोकेट संजय सक्सेना घिरियाली मोहल्ला पुराना बाजार, करैरा के निवासी थे. वारदात करेरा किले के पीछे आनंद सागर मंदिर के पास सिद्धन रोड पर हुई. यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि हमलावर पैदल आए थे या किसी गाड़ी से.



घटना के कुछ देर बाद उसी सड़क से गुजर रहे एक अन्य वकील की नजर सड़क पर पड़े संजय सक्सेना पर पड़ी. उन्होंने तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया. इस जमीन के एक हिस्से पर शिक्षक कमलेश शर्मा का कब्जा बताया गया है.

### मृतक के भाई ने कहा- रंजिशन कराई हत्या

एडवोकेट संजय सक्सेना के भाई एडवोकेट कुलदीप सक्सेना ने आरोप लगाया कि उनके भाई की हत्या गांव सिगदाऊआ के कुछ लोगों ने रंजिश के चलते कराई है. संजय ने गांव में किशोरी जाटव की जमीन का केस लड़ा था, जिसमें किशोरी जाटव जीत गया था. केस हारने के बाद से आरोपी लगातार धमकियां दे रहे थे कि वे आगे उनके खिलाफ कोई केस न लड़ें.

**सौगातों की झड़ी** | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक

# एक लाख करोड़ से होंगे उच्च गुणवत्ता वाले निर्माण

**नई दिल्ली, 14 फरवरी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने शहरी चुनौती कोष को मंजूरी दी है. इसके तहत शहरों में उच्च गुणवत्ता वाले इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण के लिए कुल एक लाख करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता प्रदान की जाएगी.**

कैबिनेट ने बताया कि यह कोष बाजार वित्त, निजी भागीदारी और नागरिक-केंद्रित सुधारों का लाभ उठाकर उच्च गुणवत्ता वाले शहरी बुनियादी ढांचे के निर्माण को प्रोत्साहित करेगा. इसका उद्देश्य लचीले, उत्पादक, समावेशी और जलवायु-अनुकूल शहर तैयार करना है, ताकि शहर देश के आर्थिक विकास के अगले चरण के प्रमुख चालक बन सकें.

शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की लागत का 25 प्रतिशत हिस्सा केंद्रीय सहायता के रूप में दिया जाएगा, बशर्ते परियोजना लागत का न्यूनतम 50 प्रतिशत हिस्सा बाजार से जुटाया गया हो. इस पहल से अगले पांच वर्षों में शहरी क्षेत्र में कुल चार लाख करोड़ रुपए का निवेश होने का अनुमान है. यह अनुदान आधारित वित्तपोषण से हटकर बाजार-संलग्न, सुधार-उन्मुख और परिणाम-उन्मुख इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण की दिशा में भारत के शहरी विकास दृष्टिकोण में बड़ा बदलाव दर्शाता है. कैबिनेट ने बताया कि यह कोष वित्त वर्ष 2025-26 से 2030-31 तक परिचालन में रहेगा, और इसकी कार्यान्वयन अवधि वित्त वर्ष 2033-34 तक बढ़ाई जा सकती है. परियोजनाओं का चयन परिवर्तनकारी प्रभाव, स्थिरता और सुधार-उन्मुखीकरण जैसे मानदंडों के आधार पर किया जाएगा. कोष का आवंटन सुधारों, लक्ष्यों और स्पष्ट रूप से परिभाषित परिणामों से जुड़ा होगा.

### तीन मल्टी-ट्रैकिंग रेलवे प्रोजेक्ट्स को दी हरी झंडी

आर्थिक मामलों पर कैबिनेट कमेटी (सीसीईए) की बैठक में 18,509 करोड़ रुपए (अनुमानित) लागत वाले तीन रेलवे प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई है. सीसीईए के अनुसार, इन प्रोजेक्ट्स में कसारा-मनमाड (तीसरी और चौथी लाइन), दिल्ली-अंबाला (तीसरी और चौथी लाइन) और बल्लारी-होसपेटे (तीसरी और चौथी लाइन) शामिल हैं. बढ़ी हुई लाइन क्षमता से आवागमन में सुधार होगा, जिससे भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में वृद्धि होगी. ये मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स परिचालन को सुव्यवस्थित करने और भीड़भाड़ को कम करने के लिए तैयार किए गए हैं.


